# एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करेंगे सिडबी और लघु उद्योग भारती

जागरण संवाददाता • लखनऊ: लघु, सूक्ष्म और मध्यम इकाइयों को सेहतमंद बनाने के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) और लघु उद्योग भारती मिलकर काम करेंगे। इसके लिए सिडबी के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सिडबी के महाप्रबंधक राजीव कुमार और लघु उद्योग भारती उत्तर प्रदेश के महासचिव भरत थराद ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी दो साल के लिए प्रभावी होगी और इसका उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र में नवाचार, लचीलापन और विकास को बढ़ावा देना है।

सिडबी के महाप्रबंधक राजीव कुमार ने बताया कि लघु उद्योग भारती जैसे व्यावसायिक सदस्य संगठनों के साथ मजबूत साझेदारी को बढ़ावा देना इस क्षेत्र में सतत विकास हासिल करने की कुंजी है। लघु उद्योग भारती के महासचिव भरत थराद ने कहा सिडबी के साथ यह समझौता हमारे सदस्यों को सशक्त बनाने और उत्तर प्रदेश में एक मजबूत एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हम इस क्षेत्र की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए सिडबी की विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठाने के लिए तत्पर हैं। सहयोग से उत्तर प्रदेश में एमएसएमई की क्षमता मजबूत होने की उम्मीद है, जिससे वे राज्य की आर्थिक विकास में अधिक प्रभावी योगदान दे सकेंगे।